भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3406
दिनांक 17 दिसम्बर, 2021 को उत्तर देने के लिए

सेरो पॉजिटिविटी का सर्वेक्षण

3406. डॉ. थोल तिरुमावलवनः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों या निजी कम्पनियों द्वारा कोरोना वायरस/कोविड-19 के संबंध में सेरो पॉजिटिविटी, सेरो प्रीवालेंस के संबंध में किए गए सर्वेक्षण के बारे में कोई जानकारी है:
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार ने ऐसा सर्वेक्षण करने के लिए कोई प्रस्ताव दिया है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मन्त्री
(डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ग): भारत में सार्स-सीओवी-2 संक्रमण के राष्ट्रीय सीरोसर्वे के निष्कर्षों की भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और इसके संस्थानों द्वारा समय-समय पर प्रकाशित लेखों में पुष्टि की गई। नीचे दी गई तालिका में सूचीबद्ध संबंधित प्रकाशनों का विवरण है जो जनवरी 2020 से जनवरी 2021 की राज्य/जिला-वार राष्ट्रीय सीरोसर्वे डेटा की सूचना देते हैं।

क्र. स.	लेख का शीर्षक	पत्रिका का नाम	वेब लिंक
1	भारत में सार्स-सीओवी-2 के लिए प्रयोगशाला निगरानी : परीक्षण और पता लगाये कोविड- 19 के वर्णनात्मक महामारी विज्ञान के प्रदर्शन , 22 जनवरी से 30 अप्रैल, 2020	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान पत्रिका	https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC7530445/
2	भारत में सार्स-सीओवी-2 के संक्रमण की प्रवलेंस: राष्ट्रीय सीरोसर्वेक्षण के निष्कर्ष, मई-जून 2020	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान पत्रिका	https://pubmed.ncbi.nlm.nih.gov/32952144/
3	अगस्त-सितंबर 2020 में भारत में सार्स-सीओवी-2 प्रतिरक्षा सीरो व्यापकता: दूसरे राष्ट्रव्यापी घरेलू सीरोसर्वे के निष्कर्ष	द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ	https://www.sciencedirect.com/science/article/pii/S2214109X20305441
4	भारत में सामान्य आबादी और हेल्थ केयर वर्करों के बीच सार्स-सीओवी-2 प्रवलेंस। दिसंबर 2020 - जनवरी 2021	इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ इन्फेक्सिअस डिजीज	https://www.ijidonline.com/article/S1201-9712(21)00442-2/fulltext#%20

इसके अलावा, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा आयोजित सीरोसर्वे जुलाई 2020 में दिल्ली में 5 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में 23.48% सीरो प्रवलेंस दर्शाता है।

*****